हिन्दुस्तान 27-03-09

एमटीएनएल अधिकारियों ने मोर्चा खोला

अपनी मांगो के समर्थन मे एमटीएनएल अधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। ज्वाइंट फोरम आफ एक्जीक्यूटिव्स एसोसिएशन आफ एमटीएनएल के आह्वान पर अधिकारियो ने जीवन भारती बिल्डिंग स्थित सीएमडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। अधिकारी दो अप्रैल को संचार मंत्री के कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

MAHMEDHA, 27/03/2009

एमटीएनएल के अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली (सं.)। महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के लगभग 3000 अधिकारियों ने गुरूवार को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एमटीएनएल के कार्यालय जीवन भारती भवन नई दिल्ली के बाहर प्रदर्शन किया।

ये अधिकारी प्रबंधन द्वारा नए वेतनमान निर्धारण में 5 प्रतिशत का फिटमेंट लाभ देने के एकतरफा निर्णय का विरोध कर रहे थे, जबकि भारत सरकार ने वेतन संशोधन आदेशों में 30 प्रतिशत का फिटमेंट लाभ दिया है। केवल इतना ही नहीं एमटीएनएल प्रबंधन ने मकान किराया भत्ता दिसंबर 200[illegible] में जाम कर दिया है। एमटीएनएल एक लाभ में चल रही भारत कंपनी है तभी 30 प्रतिशत फिटमेंट एवं अन्य भत्तों जैसे मकान किराया भत्ता के साथ नया वेतन संशोधन समिति की रिपोर्ट को लागू करने के लिए लोक उद्यम विभाग की सभी शर्तों को पूर्ण करती है।

इन अधिकारियों ने सरकार और एमटीएनएल प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ लंबे संघर्ष पर जाने तथा वेतन संशोधन रिपोर्ट के वास्तविक लाभ लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने निर्णय लिया है कि यदि आवश्यकता हुई तो हड़ताल पर भी जाएंगे। मंच दो अप्रैल को संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कार्यालय पर रैली आयोजित करेंगे।

राष्ट्रीय सहारा 27-03-2009

प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। एमटीएनएल के तीन हजार से ज्यादा अधिकारियों ने अपनी मांगो को लेकर आज जीवन भारती भवन स्थित एमटीएनएल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। यह लोग एमटीएनएल प्रबंधन द्वारा वेतनमान निर्धारण में 5 फीसद का फिटमेंट लाभ देने के एकतरफा निर्णय का विरोध कर रहे थे। अधिकारियो के संगठन 'ज्वाइंट फोरम ऑफ एमटीएनएल एक्जक्यूटिव' के महासचिव एके कौशिक ने कहा कि सरकार ने अपने वेतन संसोधन आदेश मे 30 फीसद का फिटमेंट लाभ दिया है, जबकि यहां हमें 5 फीसद फिटमेंट दिया जा रहा है।

अमर उजाला 27-03-2009

एमटीएनएल कर्मचारियों का धरना

नई दिल्ली। पे-रिवीजन कमेटी की सिफारिशों अनुसार कर्मचारियों को फिटमेंट देने की मांग पर महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) कर्मचारी यूनियन सड़कों पर उतर पड़ी है। कर्मचारियों को सिफारिशों के मुताबिक 30 प्रतिशत फिटमेंट न दिए जाने के खिलाफ यूनियन ने एमटीएनएल कार्यालय जीवन भारती बिल्डिंग पर प्रदर्शन किया।